समाहरणालय, कैमूर (भभुआ)
(जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय)

जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास, भभुआ एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास ,महाराणा प्रताप महाविद्यालय, मोहनियाँ में नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रण ।

सूचना

पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्रों के लिए कैमूर जिलान्तर्गत संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास, भभुआ एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, मोहनियाँ (कैमूर) में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए नामांकन लिया जाना है। नामांकन हेतु छात्रावास में रिक्ति निम्नवत है:–

क्र0 सं0	छात्रावास का नाम	कोटि	रिक्ति	कोटिवार रिक्ति
1.	जननायक कर्पूरी ठाकुर कल्याण छात्रावास कैमूर, भभुआ	अति पिछड़ा वर्ग	28	BC-I- 28
2.	अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, मोहनियाँ	अति पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग	19	BC-I- 09 BC-II- 10

छात्रावास में नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिनांक–18.06.2026 से 08.07.2026 तक विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर ऑनलाइन समर्पित किया जा सकता है।

छात्रावास में नामांकन की शर्तें:–

01 आवेदक अति पिछड़ा वर्ग (EBC) एवं पिछड़ा वर्ग (BC) समुदाय का छात्र हो ।
02 5 प्रतिशत सीटे दिव्यांग छात्रों के लिए आरक्षित है।
03 आवेदक बिहार राज्य का निवासी हो।
04 आवेदक कैमूर जिला अंतर्गत किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हों।
05 अहर्त्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
06 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता– मैट्रिक पास।
07 चयन की प्रक्रिया विभागीय नियमानुसार पूरी की जाएगी।

आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज:–

01 आवेदन विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर ऑनलाइन किया जा सकता है।

02 आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति ऑनलाइन अपलोड करना होगा:–

- i- आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो jpg/jpeg/Format में।
- ii- आवेदक का जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।
- iii- कैमूर स्थित शिक्षण संस्थानों की अद्यतन नामांकन रसीद का प्रमाण PDF Format में।
- iv- आधार कार्ड की छायाप्रति PDF Format में।
- v- विगत परीक्षा के अंक प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।
- vi- आधार सीडिंग बैंक अकाउंट (खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित)
- vii- अध्ययनरत् संस्थान के प्राचार्य द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत Forwarding Letter/ अनुशंसा पत्र Pdf Format में।
- viii- अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।
- ix- माता पिता/ अभिभावक द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत Forwarding Letter Pdf Format में।
- x- आवेदक का हस्ताक्षर jpg/jpeg/Format में।

आवेदन की प्रक्रिया:–

- विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर केवल ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया जा सकता है।
- अधिक जानकारी हेतु विभागीय बेव–साईट पर दिये गए दिशा–निर्देश का अनुपालन करते हुए ऑन–लाईन आवेदन करेंगे या प्रत्येक कार्य दिवस को पूर्वाह्न–10:00 बजे से अपराहन से 05:00 बजे तक जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, कैमूर(भभुआ) में सम्पर्क कर सकते है।
- आवेदन की तिथि–18.06.2026 से 08.07.2026 तक केवल ऑनलाईन माध्यम से स्वीकार किये जायेगें।
- आवेदन– पत्र के सभी कॉलम सही–सही भरा होना चाहिए, अपूर्ण भरे हुए आवेदन– पत्र एवं वांछित अनुलग्नक संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन–पत्र रद्द कर दिये जायेंगे। निधारित समय–सीमा के बाद आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन–पत्र में दी गई सूचना गलत पाये जाने पर, गलत सूचना अंकित करने वाले छात्रों का नामांकन रद्द करने का अधिकार नामांकन समिति का होगा।

आवेदन प्राप्ति एवं अन्य कार्य की तिथि निम्न प्रकार है:–

- आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि :– 08.07.2026
- नामांकन समिति की बैठक की तिथि :– 11.07.2026
- औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन :– 11.07.2026
- दावा आपत्ति की अंतिम तिथि :– 13.07.2026 से 17.07.2026
- अंतिम नामांकन समिति की बैठक :– 20.07.2026
- अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन :– 21.07.2026

उप विकास आयुक्त
कैमूर (भभुआ)

PR- 006690 (Welfare) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।